*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

***(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)***

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org


---

## हिंदी विश्वविद्यालय में अगस्त क्रांति दिवस का आयोजन

## जीवन में आगे बढ़ने अनुशासन जरुरी -प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल

## केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थी पुरस्कृत, फील्ड आऊटरीच ब्यूरो, वर्धा का आयोजन

वर्धा, 17 अगस्त 2019: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने विवि के श्यामा प्रसाद मुखर्जी अकादमिक भवन के कस्तूरबा सभागार में शुक्रवार को फील्ड आऊटरीच ब्यूरो की ओर से आयोजित अगस्त क्रांति दिवस समारोह में केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि




जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने क्रांतिवीरों का स्मरण करते हुए स्वाधीनता आंदोलन में भारत के लोगों के बलीदान के इतिहास पर अपनी बात रखी। उन्होंने पर्यावरण का महत्व समझाते हुए कहा कि प्रकृति को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए पर्यावरण को बचाना जरुरी है और इसके लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने भारत सरकार के एक विद्यार्थी एक वृक्ष योजना के तहत वृक्षारोपण करने का आहवान अपने वक्तव्य में किया।

इस अवसर पर मंच पर शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. मनोज कुमार, संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य डी. एस. नंदेश्वर, फील्ड आऊटरीच ब्यूरो, वर्धा के अधिकारी बी. पी. रामटेके मंचासीन थे। प्रास्ताविक एवं स्वागत वक्तव्य में रामटेके ने भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख कर फील्ड आऊटरीच ब्यूरों द्वारा किए जा रहे प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय विद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष सौरभ सोनी ने किया तथा आभार




संदीप फुलझेले ने माना।

अगस्त क्रांति दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय विद्यालय में 'भारतीय स्वतंत्रता में सेनानियों का योगदान' विषय पर आयोजित निबंध लेखन में सर्वोत्कृष्ट दस विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। पुरस्कार प्राप्त



विद्यार्थियों में समृद्धि वैद्य, आकांक्षा रंगारी, मानसी लोहे, अन्वेश मिरगे, शाश्वत त्रिपाठी, अनुश्री खडगी, वेदांत कोहले, मधुरा देशमुख, अनन्या नरांजे और रोहन पाण्डे शामिल थे। इस अवसर पर हिंदी विवि के अध्यापक राजेश लेहकपुरे, डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. संदीप वर्मा, केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक सुरेंद्र खोंडे, संजय वाघमारे, कल्याणी देशमुख, सुवर्णा पारखी आदि सहित विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।